PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Faridabad
Thursday 29th October 2015, Page: 6
Width: 12.34 cms, Height: 3.96 cms, a4, Ref: pmin.2015-10-29.53.72

# क्या ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाएंगे: कोर्ट

मुंबई| राज्य सरकार ने प्रतिबंधित दवाओं की ऑनलाइन बिक्री को रोकने के लिए कौन से कदम उठाए हैं। क्या सरकार ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाएगी? बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार से यह सवाल किया और गुरुवार तक इसका जवाब देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नरेश पाटील व न्यायमूर्ति एसबी सुक्रे की खंडपीठ ने यह निर्देश लेक्चरर मयूरी पाटील की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

ये कहा जजों ने : जिस तरह से कोरियर के जरिए मुद्रा के लेन-देन व नार्कोटिक्स के मंगाने पर रोक लगाई गई है वैसे ही ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर क्यों रोक नहीं लगाई जा सकती है। सरकार ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री को रोकने के लिए कौन से कदम उठाए हैं? गुरुवार तक इसका जवाब दिया जाए।